हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 35 .9°c
न्यूनतम 25 .0°c



रोहतक। आईएमटी खरावड़ गेट पर शुक्रवार देर रात अचानक आग लग गई। इसकी चपेट में आने से गेट का आधे से ज्यादा हिस्सा जल गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

खबर संक्षेप

मोखरा से 82 वर्षीय महिला लापता
महम। बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोखरा से 82 वर्षीय महिला लापता हो गई। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी है। मोखरा खेड़ी गांव निवासी शक्ति पुत्र बलजीत ने बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। उसकी दादी 82 वर्षीय छन्नो देवी मानसिक बीमारी में के चलते सुबह 9 बजे बिना किसी को बताए घर से लापता हो गई। शक्ति ने पुलिस से अपनी दादी की तलाश करने की गुहार लगाई है।

चिड़ी गांव से बारहवीं कक्षा का छात्र लापता
महम। लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चिड़ी से एक 16 वर्षीय छात्र लापता हो गया। इसकी शिकायत छात्र के पिता ने पुलिस को दी है। चिड़ी गांव निवासी कुलदीप पुत्र दयाचंद ने बताया कि सुबह सवा 7 बजे उसका बेटा सौरभ स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन शाम को घर नहीं पहुंचा। वह आर्यन स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता है। स्कूल में और रिश्तेदारियों में पूछताछ कर ली है। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्पेशल चांस की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 14 अक्टूबर से
रोहतक। एमडीयू की अक्टूबर 2026 की स्पेशल चांस परीक्षाओं के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 14 अक्टूबर से शुरू होंगी। इनमें व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित सेमेस्टर और वार्षिक योजना के सभी पाठ्यक्रम शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षाएं सुबह 10 बजे से शुरू होंगी। विस्तृत डेटशीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

एमडीयू एलुमनी : सचिव पद के लिए 9 नामांकन
रोहतक। एमडीयू एलुमनी एसोसिएशन के चार पदों के लिए कुल 22 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। सचिव पद के लिए सर्वाधिक 9, उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद के लिए 6-6 तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन मिला है। इन पदों के लिए 17 अक्टूबर को मतदान होगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रो. जसवंत सैनी ने बताया कि शुक्रवार को नामांकन जमा करवाने की अंतिम तिथि थी। चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार करवाए जाएंगे।

डॉ. बाल किशन एबीसी के नोडल अधिकारी नियुक्त
रोहतक। एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बाल किशन को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि उन्हें वर्तमान के अतिरिक्त यह कार्यभार तुरंत प्रभाव से सौंपा गया है। डॉ. बल किशन ने कुलपति का आभार जता जिम्मेदारी निष्ठा से निभाने की बात कही।



मनरेगा घोटाले से काहनी गांव में घमासान, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

लोकपाल ने सरपंच को ठहराया दोषी, एसडीएम जांच में मिली क्लीन चिट; धमकी व मानहानि के आरोपों से बढ़ा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मनरेगा के कामों में गड़बड़ी पर शुरू हुआ विवाद अब कानूनी लड़ाई और धमकियों के आरोपों तक पहुंच गया है। जिले के गांव काहनी निवासी अनिरुद्ध उर्फ योगी ने वर्ष 2023 में फिरनी और श्मशान घाट के निर्माण कार्यों में 2,09,287 रुपये के घोटाले की शिकायत की थी। अब उसने सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दूसरी ओर, सरपंच प्रतिनिधि ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि संबंधित अधिकारियों की जांच में गड़बड़ी के आरोप खारिज हो चुके हैं।

विवाद के बीच एक ऑडियो के वायरल होने और जान से मारने की धमकी के आरोपों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। अनिरुद्ध के अनुसार, उसने मनरेगा के तहत गांव की फिरनी और श्मशान घाट में होने वाले कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर लोकपाल के पास शिकायत दी थी। उसका दावा है कि लोकपाल ने जांच में सरपंच को दोषी ठहराया था, लेकिन बाद में एसडीएम ने सरपंच को क्लीन चिट दे दी। अनिरुद्ध ने इस मामले में सरपंच और सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। उसका कहना है कि याचिका पर नोटिस भेजा जा चुका है और जल्द सुनवाई होने की उम्मीद है। उसे न्यायपालिका से न्याय मिलने का भरोसा है।



गांव के दो युवकों पर भी आरोप
दलबीर फौगाट के अनुसार, 19 सितंबर को गांव के दो युवकों ने फोन पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत सदर थाने में दी गई। उनका दावा है कि वायरल ऑडियो में अनिरुद्ध की ओर से बताए जा रहे घटनाक्रम के बजाय दोनों युवक उन्हें धमका रहे हैं। उन्होंने आरोपियों के नाम रविपाल और राहुल उर्फ मटरा बताए तथा कहा कि दोनों को हाल ही में जमानत मिली है। दलबीर ने बताया कि 25 सितंबर को गांव में पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें अनिरुद्ध और एडवोकेट अशोक को आमंत्रित किया गया, लेकिन वे नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को मुख्यमंत्री के पास भी शिकायत भेजी गई। दलबीर के मुताबिक, उन्होंने अनिरुद्ध और मनरेगा लोकपाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर किया है। इस तरह मनरेगा के कार्यों से शुरू हुआ विवाद अब जांच रिपोर्ट, वायरल ऑडियो और अदालतों तक पहुंच गया है।

वायरल ऑडियो के बाद सुरक्षा की मांग
अनिरुद्ध ने एसपी को शिकायत देकर सुरक्षा की मांग की है। उसका आरोप है कि सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो में सरपंच प्रतिनिधि गांव के कुछ लोगों को उसके खिलाफ भड़का रहा है और जान से मारने की बात कही गई है। उसने सरपंच और सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। अनिरुद्ध के मुताबिक, एसपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ऑडियो में कही गई बातों और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कर्मचारियों के खातों में गया पैसा
सरपंच प्रतिनिधि दलबीर फौगाट ने मनरेगा में घोटाले के आरोपों को खारिज किया। उनका कहना है कि गांव में मनरेगा के तहत काम करवाए गए और भुगतान कर्मचारियों के खातों में गया। उनके अनुसार, बीडीपीओ, डीडीपीओ और एसडीएम स्तर पर जांच हो चुकी है तथा रिपोर्ट में आरोप खारिज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा लोकपाल के पास इस मामले की जांच का अधिकार ही नहीं था।

मनरेगा लोकपाल की रिपोर्ट पर तीन साल तक नहीं की कोई कार्रवाई, हाईकोर्ट ने 15 को रिकॉर्ड समेत तलब किए डीसी
रोहतक। मनरेगा में कथित वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 15 अक्टूबर को रोहतक डीसी को रिकॉर्ड सहित तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति रोहित कपूर की खंडपीठ रामचंद्र व अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। वर्ष 2023 में लोकपाल ने एफआईआर और जांच की सिफारिश की थी, लेकिन सितंबर 2026 में एफआईआर दर्ज हुई। डीसी की जांच रिपोर्ट पर अदालत ने असंतोष जताया। याचिकाकर्ता रामचंदर से मारपीट का आरोप भी उठा। अदालत ने स्वतंत्र एजेंसी से जांच के संकेत देते हुए मुख्य सचिव को आदेश भेजने के निर्देश दिए।

लोकपाल ने उजागर कीं गड़बड़ियां
रिकवरी की सिफारिशें फाइलों में दबी हैं, 4 साल में 223 शिकायतें

रोहतक। समचाना गांव में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में वित्तीय गड़बड़ियों के मामले में अब हाईकोर्ट ने रोहतक के डीसी को 15 अक्टूबर को तलब किया है। मामले की जांच मनरेगा लोकपाल डॉ. एसएस रंगा ने की थी। लोकपाल ने समचाना के अलावा जिले की कम से कम आधा दर्जन पंचायतों में मनरेगा के कार्यों की जांच की। इनमें वित्तीय अनियमितताएं सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को रिकवरी करने की सिफारिश की गई, लेकिन आरोप है कि वसूली की कार्रवाई करने के बजाय जांच रिपोर्टों को प्रशासनिक स्तर पर इधर से उधर भेजा जाता रहा। अब समचाना मामले में हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन को जवाब देना होगा।

मनरेगा में गड़बड़ियों की शिकायतों की जांच और दोषियों से राशि की वसूली के लिए व्यवस्था बनाई गई है। इसके बावजूद जांच में अनियमितताएं सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं होना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर लोकपाल के पास पहुंचते हैं। दस्तावेजों की जांच के बाद मामला सही पाए जाने पर वित्तीय नुकसान की भरपाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सिफारिश की जाती है। लेकिन जब सिफारिशों पर अमल नहीं होता तो शिकायतकर्ताओं को न्याय के लिए दूसरे मंचों का सहारा लेना पड़ता है। समचाना का मामला इसी स्थिति को उजागर करता है। जिला विकास भवन स्थित मनरेगा लोकपाल कार्यालय में पिछले चार वित्तीय वर्षों के दौरान शिकायतों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 28 शिकायतें पहुंचीं। वर्ष 2023-24 में इनकी संख्या करीब 40 से 42 रही। वर्ष 2024-25 में 65 शिकायतें आईं, जबकि 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 90 हो गई।

इंस्टाग्राम पर समस्या दूर करने का झांसा दे 51,700 रुपये ठगे
रोहतक। जनता कॉलोनी की एक महिला से निजी जिंदगी की परेशानी दूर करने का झांसा दे 51,700 रुपये ठग लिए गए। महिला रचना का आरोप है की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रचना ने बताया कि उसका पति के साथ तलाक का केस चल रहा है, जिससे वह परेशान थी। 10 सितंबर को उसने इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखा, जिसमें हर तरह की समस्याओं का समाधान करने का दावा किया गया था। विज्ञापन में दिए नंबर पर संपर्क करने पर व्यक्ति ने अपना नाम योगेश शास्त्री बताया और समाधान के नाम पर 2,900 रुपये मांगे, जो उसने बारकोड पर भेज दिए।

मूर्ति के नाम पर वसूली
शिकायत के अनुसार, आरोपी ने इसके बाद बलि देने के नाम पर 13 हजार रुपये और मांगे। फिर चांदी की मूर्ति लाकर उसकी पूजा कराने का सुझाव दिया। आरोपी ने कथित तौर पर भरोसा दिलाया कि पूजा के बाद समस्या दूर हो जाएगी और मूर्ति सुनार को लौटाकर पैसे वापस मिल जाएंगे। इस पर उसने 35,860 रुपये और भेज दिए। रचना के अनुसार, रकम देने पर भी समस्या हल नहीं हुई। रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उसके पति को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी और फोन उठाना बंद कर दिया। महिला ने कुल 51,700 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कलानौर में तेज रफ्तार कार की टक्कर से फैक्टरी कर्मी की मौत

- मछली फार्म के पास मोड़ पर हुआ हादसा; कार चालक के खिलाफ केस दर्ज
- ड्यूटी खत्म कर बाइक पर घर लौट रहा था 23 वर्षीय मनजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर-रोहतक रोड पर एनएच-709 पर मछली फार्म के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक फैक्टरी में ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। हादसे के बाद राहगीर उसे पीजीआईएमएस रोहतक के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की शिकायत पर कलानौर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भगवतीपुर निवासी संजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई मनजीत लाहली स्थित एसकेएफ प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी में हेल्पर के तौर पर काम करता था। 8 अक्टूबर को शाम करीब सात बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह अपनी बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। शिकायत के अनुसार, जब मनजीत एनएच-709 पर मछली फार्म के नजदीक कट से मोटरसाइकिल मोड़ने लगा तो कलानौर की तरफ से आ रही सफेद रंग की बलेनो कार ने उसकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। टक्कर लगने से मनजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर घायल मनजीत को पीजीआईएमएस रोहतक के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के भाई संजीव ने कार चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार, शिकायत मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

महम सड़क हादसे में गई एक की जान
महम। आउटर बाइपास पर इंद्र होटल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सोनू की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक के भाई कुलदीप पुत्र रतन सिंह निवासी मुंढाल खुर्द ने बताया कि वे तीन भाई-बहन हैं और सभी शादीशुदा हैं। उसका सबसे छोटा भाई सोनू किसी काम से महम आया हुआ था। देर रात सूचना मिली कि सोनू का एक्सीडेंट हो गया है।

वह महम के नागरिक अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने सोनू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि एक्सीडेंट में लगी चोटों के कारण सोनू की मौत हो गई है। कुलदीप ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि किसी अज्ञात वाहन ने उसके भाई को टक्कर मारी थी।

डायल 112 के स्टाफ के अनुसार, उन्हें महम के आउटर बाइपास पर इंद्र होटल के पास एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक घायल को महम के नागरिक अस्पताल पहुंचाया जा चुका था।

25 दिन इलाज के बाद किशोर को बताई टीबी, खून की उल्टी आने के बाद मौत

परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही के लगाए आरोप

परिजनों का दावा- पहले टाइफाइड का चलता रहा उपचार, समय पर बीमारी का पता चलता तो बच सकती थी जान, क्लिनिक संचालक ने आरोप नकारे, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बीमारी से राहत मिलने की उम्मीद में परिजन करीब 16 वर्षीय सचिन को



लगातार निजी क्लिनिक लेकर जाते रहे, लेकिन उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि कई दिनों तक टाइफाइड का इलाज चलता रहा और बाद में एक्स-रे कराने पर टीबी की आशंका जताई गई। इसके बाद सचिन को जांच के लिए टीबी अस्पताल ले जाया गया और पीजीआई में भर्ती कराया गया, लेकिन रिपोर्ट आने से पहले ही खून की उल्टी होने के बाद उसकी मौत हो गई। शहर की शोरा कोठी निवासी किशोर की मौत के बाद परिवार ने गोहाना अड्डा स्थित निजी क्लिनिक के डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

तबीयत बिगड़ने के बाद नहीं हुआ सुधार
मृतक के भाई सुमित ने बताया कि करीब 25 दिन पहले सचिन की तबीयत खराब हुई थी। उसे गोहाना अड्डा स्थित निजी क्लिनिक में दिखाया गया, जहां डॉक्टर ने दवाइयां दीं, लेकिन कोई पर्ची नहीं दी गई। परिवार के अनुसार, हर तीसरे-चौथे दिन दवाइयां दी जाती रहीं, मगर सचिन की हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

एक्स-रे के बाद टीबी की आशंका जताई
सुमित के मुताबिक, दो दिन पहले डॉक्टर ने सचिन का एक्स-रे करवाया और टीबी होने की बात कही। इसके बाद परिजन उसे टीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के लिए नमूना लिया गया। रिपोर्ट दो दिन में आने की बात कही गई थी। इस बीच सचिन को पीजीआई में भर्ती करवाया गया, लेकिन रिपोर्ट आने से पहले ही उसे खून की उल्टी हुई और उसकी मौत हो गई।

डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग
सचिन के पिता सुनील ने आरोप लगाया कि डॉक्टर टाइफाइड का उपचार करता रहा और बाद में टीबी की शिकायत बताई। उनका कहना है कि यदि बीमारी की पहचान पहले हो जाती और समय रहते उचित इलाज मिलता तो बेटे की जान बचने की संभावना हो सकती थी। उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। रिश्ते में सचिन के दादा संजय ने भी इलाज के दौरान दी गई दवाइयों और बीमारी की पहचान को लेकर सवाल उठाए।

क्लिनिक संचालक ने आरोपों को बताया गलत
आरएमपी नरेश आर्य ने बताया कि सचिन का टाइफाइड टेस्ट करवाया गया था, जिसमें टाइफाइड की पुष्टि हुई। दो दिन दवा देने के बावजूद बुखार नहीं उतरने पर तीसरे दिन एक्स-रे करवाया गया। उनके अनुसार, एक्स-रे में टीबी की आशंका दिखने पर उन्होंने उपचार करने से मना कर दिया और परिजनों को टीबी अस्पताल में जांच करवाने की सलाह दी। उन्होंने दावा किया कि नौ दिन के भीतर ही सचिन को टीबी की आशंका के बारे में बता दिया गया था। 25 दिन तक उनके द्वारा इलाज किए जाने का आरोप गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ समय बाहर रहने के दौरान उनकी अनुपस्थिति में बीएएमएस डॉक्टर कविता क्लिनिक चलाती हैं। सिटी थाना पुलिस के अनुसार, परिजनों ने किशोर की मौत के मामले में डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है और क्लिनिक के डॉक्टर से पूछताछ की जाएगी। फिलहाल, उपचार में लापरवाही के आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

महम तालाब में मिला व्यक्ति का शव, डूबने का संदेह

रोहतक। महम क्षेत्र के अजायब गांव में पशुओं के तालाब में एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान गांव निवासी करीब 40 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र राम सिंह के रूप में हुई। सूचना मिलने पर महम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस को आगे की कार्रवाई परिजनों की सहमति के अनुसार करनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र गांव के पशुओं वाले तालाब पर गया था। बताया जा रहा है कि वह पानी में कूद गया, जिससे डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि, घटना के पूरे हालात को लेकर पुलिस जांच कर रही है। तालाब में डूबने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटाई।

आठ भाइयों में छठे नंबर पर था सुरेंद्र
परिजनों के अनुसार, सुरेंद्र आठ भाइयों में छठे नंबर पर था और अविवाहित था। बताया गया कि उसे शराब पीने की आदत थी और इसी वजह से उसकी शादी नहीं हुई थी। घटना के बाद परिवार ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले में आवश्यक जानकारी जुटाई और जांच शुरू की।

पुलिस कर रही मामले की जांच
महम थाना पुलिस के अनुसार, अजायब गांव के जोहड़ में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। परिजनों द्वारा पोस्टमॉर्टम से इनकार किए जाने के बाद पुलिस ने घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू की। मौत के वास्तविक कारणों और घटना की परिस्थितियों को लेकर पुलिस की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पांच महीने की गर्भवती की हत्या का मामला
बेटी योगिता को लेकर होता था झगड़ा साथ रखने की जिद बनी कत्ल की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बेटी को साथ रखने की बात को लेकर शुरू हुआ विवाद एक महिला की मौत का कारण बन गया। रोहतक के गढ़ी मोहल्ले में किराये के मकान में रह रही 31 वर्षीय लाली की गला दबाकर हत्या कर दी गई। महिला करीब पांच माह की गर्भवती थी और अपनी बेटी योगिता के साथ रह रही थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बेटी को साथ रखने को लेकर लाली और उसके साथी अनीष के बीच अक्सर झगड़ा होता था। इसी विवाद के चलते 7 अक्टूबर की रात हत्या की वारदात को अंजाम देने का आरोप है। थाना शहर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अनीष को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया गया और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, 8 अक्टूबर को सांपला निवासी प्रदीप ने थाना शहर में शिकायत दी कि उसकी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतका की पहचान लाली के रूप में की।

2021 से अनीष के साथ रह रही थी लाली



शिकायत में प्रदीप ने अनीष पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस जांच के अनुसार, लाली की शादी वर्ष 2017 में दिल्ली के गांव मित्राऊ निवासी दीपक के साथ हुई थी। बाद में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद वर्ष 2021 से लाली अनीष के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगी। करीब दो माह पहले दोनों ने शादी कर ली थी। इसके बाद लाली अपनी बेटी योगिता के साथ रोहतक के गढ़ी मोहल्ले में किराये के मकान में रह रही थी।

दीपक से तलाक के बाद रहने लगी लिव-इन में
पुलिस जांच के अनुसार, लाली की शादी वर्ष 2017 में दिल्ली के गांव मित्राऊ निवासी दीपक के साथ हुई थी। बाद में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद वर्ष 2021 से लाली अनीष के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगी। करीब दो माह पहले दोनों ने शादी कर ली थी। इसके बाद लाली अपनी बेटी योगिता के साथ रोहतक के गढ़ी मोहल्ले में किराये के मकान में रह रही थी।

सौतेली बेटी को साथ नहीं रखना चाहता था अनीष
प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अनीष सौतेली बेटी योगिता को अपने साथ नहीं रखना चाहता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। पुलिस के अनुसार, महीने में करीब 15 दिन इस मुद्दे पर विवाद होता था। जांच में इसी रंजिश को हत्या की वजह माना जा रहा है। आरोप है कि 7 अक्टूबर की रात अनीष ने लाली का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

झज्जर जिले का रहने वाला है आरोपी
पुलिस ने 8 अक्टूबर को अनीष पुत्र मनोज निवासी गांव बिसान, जिला झज्जर को गिरफ्तार किया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक संजीत कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

सीजेपी के प्रदर्शन के चलते प्रभावित रहेगा यातायात
यात्रीगण कृपया ध्यान दें, दिल्ली जाने वाली 25 से ज्यादा ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिल्ली में 10 अक्टूबर को होने वाले सीजेपी के प्रदर्शन का असर रेल यातायात पर भी पड़ रहा है। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और दिल्ली में संभावित जाम को देखते हुए कई ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। 25 से अधिक ट्रेन सेवाएं रद्द होने की जानकारी सामने आई है। इसका असर दिल्ली जाने वाले यात्रियों पर पड़ सकता है। रेलवे के निर्णय के अनुसार 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे के बीच नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों के परिचालन और समय में भी बदलाव किया गया है। ऐसे में रोहतक से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेना जरूरी होगा।

भिवानी, सिरसा और श्रीगंगानगर की ट्रेनें भी शामिल, बसों में रह सकती है भीड़



रद्द ट्रेनों की सूची में हरियाणा से जुड़ी कई सेवाएं भी शामिल हैं। इनमें सिरसा से तिलक ब्रिज जाने वाली ट्रेन संख्या 15308, श्रीगंगानगर से तिलक ब्रिज जाने वाली ट्रेन संख्या 14727 और भिवानी से तिलक ब्रिज जाने वाली ट्रेन संख्या 14737 शामिल हैं। वहीं, तिलक ब्रिज से भिवानी जाने वाली ट्रेन संख्या 14738 और तिलक ब्रिज से श्रीगंगानगर जाने वाली ट्रेन संख्या 14728 भी रद्द सूची में दर्ज हैं। इससे इन मार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ सकती है। दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने से अन्य रूटों पर बसों में भीड़ का असर पड़ सकता है। रोजाना कामकाज के लिए रोहतक आने-जाने वाले यात्रियों को बस मिलने या सीट पाने के लिए अधिक इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसे में रोडवेज डिपो के सामने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने और बसों का सुचारु संचालन बनाए रखने की चुनौती रहेगी। यात्रियों को घर से निकलने से पहले बसों के समय की जानकारी लेने और यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलने की सलाह दी जाती है।

खबर संक्षेप

एनसीसी मुख्यालय पहुंचे मेजर जनरल नरेंद्र सिंह



रोहतक। एनसीसी निदेशालय पीएचएचपी एंड सी चंडीगढ़ के अपर महानिदेशक मेजर जनरल नरेंद्र सिंह ने 8 और 9 अक्टूबर को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रोहतक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यालय की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण गतिविधियों और कैडेटों के कल्याण से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली। सिंह ने अधिकारियों और स्टाफ से बातचीत कर एनसीसी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना महत्वपूर्ण है। मेजर जनरल नरेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, प्रशासनिक कार्यों और कैडेटों की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया।

चालक पर सात लाख की चोरी का आरोप, केस दर्ज

रोहतक। नई सब्जी मंडी में आलू लेकर आ रहे एक ट्रक के चालक पर सात लाख रुपये की नकदी, 22 हजार रुपये की पेशगी और मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप लगा है। ट्रक मालिक की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार, नकदी उसे चिक्स की पेमेंट के रूप में मिली थी। पानीपत के गांव खोतपुरा निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास चार गाड़ियां हैं। उसने टाटा गाड़ी पर पानीपत जिले के गांव गढ़सरनाई निवासी वरयाम सिंह और गांव मनाना निवासी रजत को चालक के तौर पर रखा हुआ था। राजेश के अनुसार, उक्त गाड़ी किराये पर इलाहाबाद गई थी।

लोजपा ने मनाई रामविलास पासवान की जयंती



रोहतक। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की ओर से पार्टी कार्यालय में संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म भूषण रामविलास पासवान की जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि रामविलास पासवान का जीवन संघर्ष, सामाजिक समानता और जनसेवा का प्रतीक रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, जिला सचिव अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला उप सचिव आशीष यादव, सचिन सैनी, रोहतक हलका अध्यक्ष मिथिलेश पाण्डेय, कलोई हलका अध्यक्ष नवदीप पुनिया, कलानौर हलका अध्यक्ष कुलदीप जून सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आर्य सभा में चतुर्वेद शतकम विशिष्ट यज्ञ शुरू

रोहतक। आर्य पारिवारिक सत्संग सभा के तत्वावधान में शुक्रवार को त्रि-दिवसीय चतुर्वेद शतकम विशिष्ट यज्ञ का आयोजन किया गया। राजस्थान से पहुंचे मुख्य वक्ता स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि ईश्वर एक है, लेकिन उनके नाम अनेक हैं। यज्ञ ब्रह्मा आचार्य शक्तिदेव ने ऋग्वेद के मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। मंच संचालन मंत्री सचिन दुआ ने किया। कार्यक्रम में प्रधान पवनजीत आर्य, कोषाध्यक्ष वरिंदर सहगल, संजीव सचदेवा, सतीश आर्य और राकेश चावला उपस्थित रहे।

लॉर्ड बुद्धा सिटी के तोरण द्वार का उद्घाटन आज

रोहतक। भगवान बुद्ध की शिक्षाओं, शांति, करुणा, मैत्री और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोहतक स्थित लॉर्ड बुद्धा सिटी के मुख्य तोरण द्वार का भव्य उद्घाटन समारोह सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजन को क्षेत्र की सामाजिक पहचान और बौद्ध विचारधारा के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है साथ ही सामाजिक समरसता और मानवता का संदेश देगा समारोह। समारोह में जापान से भन्ते ज्यूंसई थैरासावा महाथेरा, श्रीलंका से भंते वप्प थेरो, बर्मा से भंते हृदय तथा भारत के अलीगढ़ से भंते बोधि रत्न उपस्थित रहेंगे।

पीएनजी के 5 माह के बिल एक साथ देने पर बीपीसीएल दफ्तर में हंगामा

प्रोजेक्ट मैनेजर बोले, सॉफ्टवेयर अपडेट होने से भेजे औसत बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सुबह 10 बजे का समय था। सेक्टर-1 के अनूप सिंह, मस्तनाथ नगर के धर्मबीर सिंह और मानसरोवर कॉलोनी के सुभाष चावला, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कर्मचारी राजेश गिरधर समेत काफी संख्या में लोग शुक्रवार को पेसैफिक सिटी सेंटर स्थित बीपीसीएल के कार्यालय पहुंचे। सभी के हाथ में मोबाइल पर आया बिल दिखाकर राशि को लेकर सवाल उठा रहा था। उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि घरों में पीएनजी सप्लाई करने वाली कंपनी ने पांच महीने का बिल एक साथ भेज दिया और वह भी गैस मीटर की रीडिंग लिए बिना। बिलों में ज्यादा राशि देखकर उपभोक्ताओं की कंपनी प्रबंधन के साथ कहासुनी हो गई। लोगों ने बिल भेजने के तरीके और भुगतान की राशि को लेकर सवाल उठाए।



एआई जेनरेटेड

अगले बिल पर उपभोक्ताओं की निगाह

कंपनी प्रबंधन के स्पष्टीकरण के बाद अब उपभोक्ताओं की निगाह अगले बिल पर रहेगी, जिसमें अतिरिक्त वसूली की राशि समायोजित किए जाने की बात कही गई है। हालांकि, उपभोक्ताओं की मुख्य शिकायत बिलिंग में देरी, मीटर रीडिंग के बिना राशि तय करने और हार्ड कॉपी घर तक नहीं पहुंचाने को लेकर है। पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए बिल उनकी वास्तविक गैस खपत का हिसाब भी है। फिलहाल कंपनी ने सॉफ्टवेयर अपडेट को औसत बिल भेजने की वजह बताया है और अधिक राशि अगले बिल में समायोजित करने का आश्वासन दिया है।

वास्तविक खपत के आधार पर भेजे बिल

बीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर उत्तम मिनज ने बताया कि कंपनी का सॉफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के कारण उपभोक्ताओं को औसत खपत के आधार पर बिल भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता के बिल में वास्तविक देय राशि से ज्यादा पैसा जुड़ गया है तो उसे अगले बिल में समायोजित कर दिया जाएगा।

मीटर की रीडिंग के बिना बिल आने पर उठाए सवाल

उपभोक्ता धर्मबीर सिंह और सुभाष चावला ने कंपनी प्रबंधन के सामने अपनी शिकायत रखी। उनका सवाल था कि जब गैस मीटर की रीडिंग नहीं ली गई तो बिल में दर्ज खपत का आधार क्या है। पांच महीने का बिल एक साथ आने से भुगतान का बोझ भी बढ़ गया। उपभोक्ताओं का कहना था कि यदि समय पर नियमित बिल भेजे जाते और मीटर की रीडिंग के आधार पर राशि तय होती तो उन्हें एक साथ इतनी बड़ी रकम चुकाने की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। लोगों ने बिलों की हार्ड कॉपी नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। मोबाइल पर भेजे गए बिल से राशि की जानकारी तो मिल गई, लेकिन उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि बिलिंग व्यवस्था में पारदर्शिता और नियमितता होनी चाहिए। कार्यालय में उपभोक्ताओं और कंपनी प्रबंधन के बीच इसी मुद्दे पर कहासुनी हुई।





कंपनी ने लंबे अंतराल के बाद भेजे बिल

उपभोक्ता राजेश गिरधर और अनूप सिंह का कहना था कि कंपनी ने लंबे अंतराल के बाद बिल भेजे हैं। मीटर की वास्तविक रीडिंग के बिना औसत खपत के आधार पर बिल तैयार किए जाने से देय राशि काफी ज्यादा हो गई। लोगों की नाराजगी इस बात को लेकर भी थी कि बिलों की हार्ड कॉपी उनके घरों तक नहीं पहुंचाई गई। इसके बजाय मोबाइल फोन पर बिल की सॉफ्ट कॉपी भेज दी गई। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिल की गणना और खपत का हिसाब समझने में परेशानी हुई।







खंभे पर किताबों का संदेश सड़क पर तारों का जाल

रोहतक। शहर की सड़कों और चौराहों को सुंदर बनाने के लिए खंभों पर रंगाई-पुताई और आकर्षक चित्रकारी की जा रही है। कहीं किताबों के जरिए शिक्षा का संदेश दिया जा रहा है, तो कहीं रंग-बिरंगे रंगों से खंभों को सजाया जा रहा है। लेकिन रोहतक के गोडारा मेडिकल हॉल के पास खंभे पर चल रहा काम एक दूसरी तस्वीर भी दिखा रहा है। यहां खंभे के आसपास बिजली के तारों का जाल फैला हुआ है और कर्मचारी सीढ़ी के सहारे ऊंचाई पर काम करते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में खंभे के पास सड़क पर बैरिकेडिंग और लाल फीते लगाए गए हैं, लेकिन बिजली के तारों के बीच काम करने के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते हैं। व्यस्त बाजार के बीच इस तरह का काम राहगीरों और दुकानदारों के लिए भी चिंता का विषय बन सकता है। खंभे की सजावट शहर की सुंदरता बढ़ा सकती है, लेकिन काम के दौरान बिजली के तारों से सुरक्षित दूरी, उचित सुरक्षा उपकरण और सड़क पर आवाजाही को नियंत्रित करना भी जरूरी है। ऐसे में संबंधित विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि रंगाई-पुताई का काम सुरक्षा मानकों के अनुसार हो, ताकि सुंदरता बढ़ाने की कोशिश किसी हादसे की वजह न बने।

चौबीसी सर्वखाप पंचायत की कार्यकारिणी भंग, नया प्रधान बनाने के प्रयास तेज

महम। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न तपों के प्रधान और कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत की कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की गई। मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक और खाप के महासचिव मास्टर रामफल राठी ने बताया नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गोयत गोत्र के मौजिज लोगों की सहमति से खाप प्रधान सुभाष नंबरदार को पद से बर्खास्त कर दिया गया है। यह परंपरा रही है कि खाप का प्रधान गोयत गोत्र से होगा। इसलिए इस परंपरा को आगे बढाते हुए गोयत गोत्र के मौजिज व्यक्तियों से अपील की जाती है कि वे 40 दिन के भीतर एक बढिया छवि के व्यक्ति का नाम उनको दें। उसके बाद चौबीसी खाप के चबूतरे पर विधिवत नए प्रधान की घोषणा कर दी जाएगी। साथ ही नई कार्यकारिणी व तपा प्रधानों की नियुक्ति कर दी जाएगी। रामकिशन मलिक ने बताया कि इस प्रक्रिया से पहले जितने भी स्वयंभू खाप प्रधान बने हुए हैं, वे भी अपने पदों से इस्तीफा दे दें, ताकि चौबीसी सर्वखाप पंचायत का एक ही प्रधान बनाया जा सके और चौबीसी खाप की गरिमा बरकरार बनी रहे। इस मौके पर संदीप नहरा, कृष्ण सिवाच, बलजीत राठी, दिलावर सिंह, सूरजमल राठी, काला मुंडिया, रामकिशन मलिक व मास्टर रामफल राठी मौजूद थे।



वार्ड 8 में चलाया विशेष सफाई अभियान

रोहतक। नगर निगम की ओर से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर-8 में वार्ड पार्षद अंजू सैनी की अगुवाई में लाढ़ौत रोड स्थित ज्योतिबा फुले सामुदायिक केंद्र और आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में स्थानीय नागरिकों ने भी भागीदारी की। नगर निगम की टीम ने सामुदायिक केंद्र परिसर और आसपास के क्षेत्र में सफाई कार्य किया। इसके लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों और संसाधनों की मदद ली गई, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई सुनिश्चित की जा सके। अभियान के दौरान नागरिकों को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नियमित सफाई व्यवस्था के साथ आमजन की भागीदारी भी जरूरी है। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी है।

जिले में 7,667 पुराने वाहन चिह्नित अब जब्त करके सीधे स्क्रैप में भेजे जाएंगे

रोहतक। जिले में आयु सीमा पूरी कर चुके 7,667 पेट्रोल और डीजल वाहनों के मालिकों को अपने वाहन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर करने या स्क्रैप करवाने होंगे। परिवहन विभाग ने इन वाहनों के वाणिज्यिक मालिकों को पहले ही एक माह का समय दिया था, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। जिला परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ढुल के चेतावनी दी कि ऐसे वाहन सड़क या घर पर मिलते हैं तो उन्हें सीधे स्क्रैप सुविधा केंद्र भेज दिया जाएगा। स्क्रैप की राशि जिला खजाना कार्यालय में जमा करवाई जाएगी। परिवहन आयुक्त प्रभजोत सिंह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एनसीआर में शामिल जिलों के परिवहन अधिकारियों को आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निर्धारित नियमों के अनुसार, पेट्रोल वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष और डीजल वाहनों की 10 वर्ष है। जिला परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ढुल के अनुसार, जिले में चिह्नित 7,667 वाहनों में 1,256 पेट्रोल और 6,411 डीजल वाहन हैं। पेट्रोल वाहनों में बीएस-1 श्रेणी के 16, बीएस-2 के 70, बीएस-3 के 945 और बीएस-4 के 225 वाहन शामिल हैं। इसी तरह डीजल वाहनों में बीएस-1 श्रेणी के 131, बीएस-2 के 238, बीएस-3 के 2,247 और बीएस-4 के 3,795 वाहन चिह्नित किए गए हैं। वीरेंद्र सिंह ढुल ने वाहन मालिकों से अपील की कि वे निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों को तुरंत एनसीआर से बाहर करवाएं या स्क्रैप करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय सीमा समाप्त होने के बाद अब ऐसे वाहनों के मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



आर्ट एप्रिसिएशन वर्कशॉप में विकसित कर रहे कलाकृति देखने की सोच

रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीएसपवा) में फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी में पढ़ रहे छात्रों में कलाकृतियों को देखने की सोच विकसित करने के लिए आर्ट एप्रिसिएशन वर्कशॉप चलाई जा रही है। इसमें विजुअल आर्टिस्ट, चित्रकार व एनीमेशन फिल्म निर्माता शैफाली जैन छात्रों को कला की बारीकियों को समझने, रचनात्मक सोच को विकसित करने व कलाकृतियों को नए नजरिए से देखना सीखा रही हैं। कार्यशाला में एफटीवी में पढ़ रहे तीसरे सेमेस्टर के छात्र भाग ले रहे हैं। एफटीवी के एफसी महेश टीपी ने बताया कि इस वर्कशॉप के जरिए छात्रों को कला की विभिन्न विधाओं, उनकी विशेषताओं व उनके पीछे छिपे विचारों को समझने का अवसर मिल रहा है। यह पहल विद्यार्थियों को केवल कला देखने तक सीमित न रखकर उसे महसूस करने, समझने व उसका विश्लेषण करने के लिए प्रेरित कर रही है। वर्कशॉप के दौरान शैफाली जैन छात्रों को आर्ट एप्रिसिएशन व उसकी गहरी समझ से जुड़े विभिन्न पहलुओं से परिचित करवा रही हैं। इसमें रंगों के चयन, आकृतियों, बनावट, संरचना, विषयवस्तु व कलाकार की अभिव्यक्ति को समझने पर जोर दिया जा रहा है। छात्रों को यह जानने का अवसर मिल रहा है कि किसी कलाकृति को समझते समय उसके दृश्य स्वरूप के साथ-साथ कलाकार की सोच, भावनाओं व रचनात्मक दृष्टिकोण को समझना भी बेहद जरूरी है।





शिविर की शिकायतें लंबित रहीं तो अधिकारियों पर कार्रवाई

रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की और उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित, दोबारा खोली गई और चिह्नित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का जल्द उचित निपटारा करें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को सिफारिश की जाएगी। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के बाद डीसी ने लघु सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समाधान शिविरों की लंबित और दोबारा खोली गई शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सोमवार से विभागाध्यक्ष समाधान शिविरों में स्वयं उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे, ताकि शिकायतों का समयबद्ध निपटारा हो सके। अधिकारियों को लंबित मामलों पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए गए।

क्राइम मीटिंग में थाना प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश

नशा तस्करों की संपत्ति अटैच कराने और ड्रंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई करने को कहा

हर शिकायत पर दर्ज हो केस लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनने और हर शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत के संबंध में अभियोग दर्ज करने के निर्देश देते हुए रोहतक के पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने अधिकारियों को अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने को कहा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित क्राइम मीटिंग में उन्होंने स्पष्ट किया कि शएसपी ने थाना और चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा नाकाबंदी के दौरान प्रभावी चेकिंग करने के निर्देश दिए। नशा बेचने वालों की संपत्ति अटैच कराने, खुले में नशा करने वालों तथा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में वाहन चालक की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने को कहा।



रोहतक। अधिकारियों की मीटिंग लेते एसपी गौरव राजपुरोहित।

सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

बैठक में एएसपी वैशाख भागी, डीएसपी दलीप कुमार, तनुज शर्मा, राजेश कुमार लोहान और राकेश मलिक सहित थाना-चौकी प्रभारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सराहनीय कार्य के लिए थाना शहर प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार, थाना कलानौर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार, थाना शिवाजी कॉलोनी प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार और ईआरवी पर तैनात स्टाफ को सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस ने 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित धरने में नहीं जाने की अपील की।

न्यूज डायरी

अग्रसेन जयंती की तैयारियों का जैन ने लिया जायजा



रोहतक। महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट एवं महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट की ओर से 10 और 11 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। तैयारियों का जायजा लेने के लिए ट्रस्ट चेयरमैन राजेश जैन ने विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि समारोह के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का संदेश दिया जाएगा। 10 अक्टूबर को रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर और भंडारा लगाया जाएगा। शाम को 171 दंपती हवन-यज्ञ में आहुति देंगे। 11 अक्टूबर को एक ईंट एक रुपया चौक पर ध्वजारोहण से कार्यक्रम शुरू होगा। सुबह 11 बजे वैश्य महिला महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांडिया नाइट और सम्मान समारोह होगा। दोपहर 3:15 बजे महाराजा अग्रसेन चौक पर महाआरती तथा शाम 4:15 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात 8 बजे पूर्व मेयर मनमोहन गोयल के निवास पर भरतपुर के भजन गायक सागर भजन संध्या में प्रस्तुति देंगे। ट्रस्ट ने लोगों से भागीदारी की अपील की।

सेवा सेतु शिविर में पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण



रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव खरावड़ में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया। डीसी सतबीर सिंह ने बताया कि पंजीकरण करवाने वाले पात्र लोगों को संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक ने भी अपने पैतृक गांव खरावड़ में आयोजित शिविर में शिरकत की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पात्र लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार योजनाओं का पूरा लाभ दिया जाए।

रक्तदाताओं को ऑनलाइन कोचिंग में 50% छूट



रोहतक। सर्व कल्याण मंच हरियाणा की रोहतक टीम ने जिला अध्यक्ष डॉ. धर्मपाल शर्मा की अध्यक्षता में दिल्ली बाईपास स्थित लावारिस पीड़ित पशु सेवा संघ की गौशाला में सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में रक्तदाताओं ने 50 यूनिट रक्तदान किया। मंच की ओर से रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए वैटिकन ऑनलाइन कोचिंग में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में वी केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजकपूर, डॉ. कमला वर्मा, नरेश वत्स, जयवीर हुड्डा, तस्वीर हुड्डा, नवनीत हुड्डा, सुनील, जगदीश मलिक, वीएलडीए आशीष मोर, दीपक आर्य, सोमेश अहलावत, एडवोकेट सुरेंद्र ढोकल, नवीन आर्य और अरविंद वर्मा मौजूद रहे।

एनएमएमएस की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण



रोहतक। डाइट मदीना में एनएमएमएस परीक्षा से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। 7 से 9 अक्टूबर तक आयोजित प्रशिक्षण में प्रत्येक खंड से छह प्रतिभागियों सहित कुल 30 प्रतिभागियों को परीक्षा से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। जिला गणित विशेषज्ञ एवं एनएमएमएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक अरोड़ा, जीव विज्ञान प्रवक्ता पंकज रचना यादव और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट सोनू कुमारी ने मुख्य प्रशिक्षकों के रूप में प्रशिक्षण दिया। इसके प्रभारी सुरेंद्र मोर तथा सदस्य डॉ. मंजीत कुमार और डॉ. सुमन लता रही।

संस्कारों से ही सशक्त समाज का निर्माण : शर्मा

सांपला। मैंसरू कलां स्थित बालाजी धाम में राष्ट्रीय सुरक्षा संघ की ओर से आंतरिक सुरक्षा और संस्कार विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता महाबीर शर्मा ने राष्ट्र की सुरक्षा, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और नागरिकों के कर्तव्यों पर विचार रखे। महाबीर शर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की मजबूती केवल सीमाओं की सुरक्षा से नहीं, बल्कि समाज के संस्कारों, नागरिकों के चरित्र और आपसी एकता से भी तय होती है। आंतरिक सुरक्षा के लिए सामाजिक जागरूकता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण जरूरी है। संस्कारवान नागरिक देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में स्वामी अद्भुतानंद, बाबा तारापुरी, बाबा कमलदास, केशव, श्रीनिवास सैनी, विनोद कौशिक, प्रमोद सांपला, कमलेश तिवारी, राजसिंह अंबेडकर, चांद राम कौशिक व रोहतास आदि उपस्थित रहे।

आईएमएच टीम ने लगाया जागरूकता शिविर



रोहतक। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत निगाणा स्थित शिवोम रिहैबिलिटेशन सेंटर में एक विशेष जागरूकता शिविर एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिवोम रिहैबिलिटेशन सेंटर और इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व मनोचिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम ने किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से डॉ. सुनीता, डॉ. अनीता, विकास जून, गौरव शुक्ला, रविंदर नरवाल, राजेश, उबैद अनवर, सविता, देवेंद्र एवं डॉ. सरिता आदि मौजूद रहे।

प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी जमीन की उर्वरता



रोहतक। ब्रह्माकुमारीज शीला बाईपास चौक, रोहतक की ओर से किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें माउंट आबू राजस्थान से आए राजयोगी बीके राजू भाई और बीके चंद्रेश भाई ने किसानों को प्राकृतिक, जैविक और यौगिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। बीके राजू भाई ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था। हरित और श्वेत क्रांति से खेती में बदलाव आया, लेकिन कीटनाशकों व रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि माउंट आबू में परमात्मा की याद और सकारात्मक विचारों के साथ सात्विक फल-सब्जियां उगाने की यौगिक खेती की जाती है। संस्था ने देश में ऐसे 75 मॉडल तैयार किए हैं।

युवा साइबर सुरक्षा के बने प्रहरी : अशोक रंगा



रोहतक। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवा शक्ति की भूमिका निर्णायक होगी। शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, सामाजिक सेवा, आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा सहित प्रत्येक क्षेत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। यह बात भाजपा रोहतक के जिला प्रभारी सभी प्रकोष्ठ डॉ. अशोक कुमार रंगा ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वैदिकन गुरुकुल रोहतक में आयोजित साइबर सुरक्षा जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए कही। डॉ. रंगा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए युवा पीढ़ी को नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों में नेतृत्व करना होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक ने प्रगति के नए अवसर दिए हैं, लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग की जानकारी भी उतनी ही जरूरी है। साइबर अपराधों से बचाव के लिए प्रत्येक युवा को स्वयं सतर्क रहते हुए दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। जांच एजेंसी के नाम पर धमकाकर धन मांगने वालों से सावधान रहने और संदिग्ध गतिविधि की पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई।

न्यूज डायरी



छात्रों ने सीखी साइबर सुरक्षा और एआई की बारीकियां

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर में सिस्को और एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 40 घंटे के साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सीसीएनए प्रशिक्षण कार्यक्रम का 6 अक्टूबर को समापन हुआ। 29 सितंबर से शुरू हुए कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को नेटवर्किंग, डिजिटल सुरक्षा, साइबर खतरों से बचाव और एआई से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई। एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रशिक्षकों मोहित कुमार, कार्तिक भारद्वाज और अनमोल ने मार्गदर्शन किया।



बीएमयू में मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन पर कार्यशाला

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर काउंसलिंग एंड मेंटल वेलबीइंग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कुलपति डॉ. बीएम यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. परमवीर और आचार्य दलशेर ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, योग, ध्यान और भावनात्मक संतुलन की जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तित्व विकास और शैक्षणिक सफलता का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा ने किया।



विद्यार्थियों ने डाकघर की कार्य प्रणाली को करीब से जाना

रोहतक। विश्व डाक दिवस पर गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल की ओर से कक्षा तीसरी से छठी तक के विद्यार्थियों को मुख्य डाकघर, रोहतक का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने डाकघर की कार्यप्रणाली को करीब से जाना। डाकघर के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पत्रों और पार्सल की प्राप्ति, छंटाई और निर्धारित पते तक पहुंचाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और व्यावहारिक समझ विकसित करने में सहायक होते हैं।

मॉडर्न पीस समिट में आईबी के 12 विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

रोहतक। किंग्स कॉलेज, रोहतक में 23 से 26 सितंबर तक आयोजित मॉडर्न पीस समिट-2026 में आईबी विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। गतिविधि समन्वयक सीमा नांदल और खुशबू ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।किंग्स कॉलेज की प्रमुख हेलेन ने विद्यार्थियों की सहभागिता की सराहना करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह का आभार जताया। प्राचार्य ने सभी 12 प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार स्वरूप पुस्तकें भेंट कीं।



आर्यन ग्लोबल स्कूल में करियर काउंसलिंग मेले में छात्रों ने सवाल पूछे

रोहतक। करोंथा स्थित द आर्यन ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और करियर विकल्पों की जानकारी देने के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया गया। इसमें 12 शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्तियों और रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने अपनी रुचि के अनुसार सवाल पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लिया।



एमडीयू में फ्लोरबॉल चैंपियनशिप का आगाज, कलाकारों ने बांधा समां

हरियाणा और दिल्ली की टीमों ने दी कड़ी चुनौती, बराबरी पर रहीं



रोहतक। शुभारंभ के दौरान खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा ,भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व हरियाणा फ्लोरबॉल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र फौगाट।



रोहतक। राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में दमखम दिखाते प्रतिभागी।

- अमित सैनी रोहतकिया, प्रदीप बूरा, पूजा हुड्डा और वीर साहू की प्रस्तुतियों ने बांधा समां
- खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर खेलों में नाम कमाने का संदेश लोक संस्कृति की दिखी झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्पर्धा युवाओं को खेलों से जोड़ने का माध्यम

हरियाणा फ्लोरबॉल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र फौगाट के नेतृत्व में आयोजित समारोह में खेल प्रतियोगिता के साथ हरियाणवी लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने आयोजन में सांस्कृतिक रंग भर दिया। गजेंद्र फौगाट ने अतिथियों, खिलाड़ियों और कलाकारों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह चैंपियनशिप केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों से जोड़ने और हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी है। पहली बार कलाकारों, खिलाड़ियों और राजनीतिज्ञों का एक मंच पर एकत्रित होना अपने आप में विशेष है। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित करते हैं।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शुक्रवार को 20वीं राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में खेल, कला और राजनीति जगत की हस्तियां एक मंच पर जुटीं। जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा और भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एशियन मेडलिस्ट एवं भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान सुनील मलिक और एशियन चैंपियनशिप पदक विजेता निशानेबाज आशिमा अहलावत भी समारोह में शामिल हुए। वहीं, हरियाणवी कलाकार अमित सैनी रोहतकिया, प्रदीप बूरा, पूजा हुड्डा और वीर साहू की प्रस्तुतियों पर खिलाड़ी और दर्शक झूम उठे। चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में हरियाणा और दिल्ली की टीमें बराबरी पर रहीं।

स्मृति चिह्न और किट देकर सम्मानित किया

जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों में देश और प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने हरियाणा की खेल नीति की सराहना की। समारोह में भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान सुनील मलिक और निशानेबाज आशिमा अहलावत आकर्षण का केंद्र रहे। दोनों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और ऑटोग्राफ दिए। आयोजकों ने उन्हें स्मृति चिह्न और किट देकर सम्मानित किया। चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में हरियाणा और दिल्ली की टीमें बराबरी पर रहीं। दोनों टीमों ने कड़ी चुनौती दी, लेकिन कोई बढ़त कायम नहीं रख सकी। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है।

एशियन मास्टर्स स्विमिंग में सुनीता फोगाट छाईं

200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में चौथा और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में हासिल किया पांचवां स्थान

- बंगलौर में हुई प्रतियोगिता की दो स्पर्धाओं में शीर्ष पांच खिलाड़ियों में बनाई जगह
- बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप में जीत चुकी हैं कांस्य पदक
- दिल्ली के अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं गांव भालौठ की सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उम्र को महज एक संख्या साबित करते हुए गांव भालौठ निवासी 53 वर्षीय सुनीता फोगाट ने तैराकी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। बंगलौर में आयोजित द्वितीय एशियन मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप-2026 में उन्होंने दो स्पर्धाओं में शीर्ष पांच खिलाड़ियों में जगह बनाई। उनकी उपलब्धि से परिवार और सहकर्मियों में खुशी का माहौल है।

दिल्ली सरकार के अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत सुनीता फोगाट ने प्रतियोगिता के 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में चौथा और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में पांचवां स्थान हासिल किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में उनका प्रदर्शन उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इससे पहले सुनीता ने बहादुरगढ़ में आयोजित 22वीं मास्टर्स नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के बाद एशियन चैंपियनशिप में दो स्पर्धाओं में शीर्ष पांच में स्थान बनाने की उपलब्धि उनके लिए एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उन्होंने आगामी दिनों में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया है। सुनीता की उपलब्धि उन लोगों के लिए प्रेरणा है, जो उम्र या व्यस्त दिनचर्या को अपने लक्ष्य के रास्ते की बाधा मानते हैं। उनका प्रदर्शन बताता है कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प से नई उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

एसआरएस स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एसआरएस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर अभियान के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं ने स्किट के माध्यम से बच्चों को तनाव, चिंता और अकेलेपन जैसी समस्याओं को पहचानने तथा मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने का संदेश दिया। छात्राओं ने बताया कि अपनी भावनाओं को परिवार, शिक्षकों या मित्रों के साथ साझा करना जरूरी है। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की सहायता लेने में भी संकोच नहीं करना चाहिए। बच्चों ने स्किट को उत्साह के साथ देखा और कार्यक्रम में भागीदारी की। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग से सरिता छिक्कारा, दिशा और दिव्यांशी जून मौजूद रहीं।

12 से 14 अक्टूबर तक होंगी अंडर-11 जिला स्तरीय स्कूली प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। जिले में 12 से 14 अक्टूबर तक अंडर-11 जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें जिले के पांचों खंडों से ब्लॉक स्तर पर विजेता रहे विद्यार्थी भाग लेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में तय किया गया कि 12 अक्टूबर को लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जबकि 13 अक्टूबर को लड़कों की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताएं 14 अक्टूबर तक पूरी करवाई जाएंगी।

चार स्थानों पर कार्यक्रम: मानव रचना स्कूल, सुनारियां में एथलेटिक्स, कबड्डी, टग ऑफ वॉर, खो-खो, शतरंज और कैरम के मुकाबले होंगे। सर छोटूराम स्टेडियम में जिम्नास्टिक, कुश्ती और योगासन की स्पर्धाएं होंगी। स्केटिंग प्रतियोगिता दिल्ली रोड स्थित डीएवी स्कूल, आईएमटी में आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन में होंगे। जिला स्तर पर कुल दस खेलों को शामिल किया गया है।

नेशनल ओपन एथलेटिक्स में सीमा कालीरमण को स्वर्ण, सान्या को कांस्य

- राजस्थान की निकिता 52 .48 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 65वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा की डिस्कस थ्रोअर सीमा कालीरमण ने 57.63 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। कॉमनवेल्थ पदक विजेता सीमा ने महिला डिस्कस थ्रो स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा की ही महेंद्रगढ़ निवासी सान्या यादव ने 52.45 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। राजस्थान की निकिता कुमारी 52.48 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चार दिवसीय चैंपियनशिप 8 से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। महिला डिस्कस थ्रो स्पर्धा में सीमा ने 57.63 मीटर की दूरी तक चक्का फेंककर अपनी श्रेष्ठता साबित की। निकिता कुमारी ने 52.48 मीटर और सान्या यादव ने 52.45 मीटर का थ्रो किया। दोनों के प्रदर्शन में महज तीन सेंटीमीटर का अंतर रहा। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि सीमा ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना हरियाणा की एथलेटिक्स प्रतिभा को दर्शाता है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की शिकायत निवारण समिति के सदस्य राजकुमार मिटान ने कहा कि कॉमनवेल्थ पदक विजेता सीमा की यह उपलब्धि आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीमा के प्रदर्शन को हरियाणा के लिए गौरवपूर्ण बताया।

लाखन माजरा महिला कॉलेज में एथलेटिक मीट शुरू, छात्राओं ने दिखाया दमखम



रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में शुक्रवार को 17वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का पहला दिन उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपक निवास हुड्डा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम हैं। प्राचार्या इंदु सपरा ने खेलों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिताओं में शॉट पुट में निक्की, जैवलिन थ्रो में प्रतिज्ञा, लंबी कूद में प्रीति और ऊंची कूद में रूबी प्रथम रहीं। 200 मीटर दौड़ में रितु ने पहला स्थान हासिल किया। खेल निदेशक डॉ. सचिन दलाल के निर्देशन में प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया गया। दूसरे दिन शेष प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

एमडीयू में कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पुस्तकालय लॉन में मिशन इक्वलिटी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (एमईएसओ) ने बहुजन नेता मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र नेता जोगिंद्र चौधरी ने कहा कि कांशीराम ने सामाजिक असमानता, जातिगत भेदभाव और शोषण के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने वंचित और पिछड़े वर्गों को संगठित कर उनमें आत्मसम्मान और राजनीतिक भागीदारी की भावना जगाई। चौधरी ने कहा कि कांशीराम ने 'वोट हमारा, राज तुम्हारा, नहीं चलेगा' और 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' जैसे नारों से बहुजन समाज को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को समानता, सम्मान और न्याय के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि उनके विचारों को जीवन में अपनाकर ही दी जा सकती है। कार्यक्रम में ईश्वर, प्रवीन, श्याम सुंदर, सचिन, वीरेन, सौरभ, बजरंग, विक्रम, मनीष और सुनील वर्मा सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मदवि: पोस्टर में ख्याति प्रथम कल्पना दूसरे स्थान पर रही

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के मनोविज्ञान विभाग और हैप्पीट्यूड लैब की ओर से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत आयोजित पोस्टर विद स्लोगन प्रतियोगिता में मनोविज्ञान विभाग की ख्याति ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजुअल आर्ट्स विभाग की कल्पना दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि विजुअल आर्ट्स विभाग की भारती और मनोविज्ञान विभाग की सौम्या ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 70 विद्यार्थियों ने भाग लेकर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर पोस्टर तैयार किए। मनोविज्ञान विभाग की भारती, प्रशंसा और आशीष को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में संवेदनशीलता तथा सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों और नारों के जरिए मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. शालिनी सिंह, प्रो. कृष्णकांत शर्मा और निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अंजली मलिक ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को तनाव और अवसाद जैसी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना तथा जरूरत के समय एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित करना है। हैप्पीट्यूड लैब की प्रभारी प्रो. दीप्ति हुड्डा ने भी अभियान के माध्यम से मानसिक कल्याण को प्राथमिकता देने और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता विकसित करने पर जोर दिया।

दो दिवसीय समारोह में प्रबंधन शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता पर चर्चा

कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने इमसार के गोल्डन जुबली गीत का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू-इमसार की स्वर्णिम यात्रा के 50 वर्ष पूरे, स्टार्टअप के लिए मिलेंगे एक लाख रुपये



रोहतक। कार्यक्रम में पौधरोपण करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया व इमसार के प्रो. प्रदीप कुमार अहलावत, सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. दिलीप सिंह व अन्य।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) के दो दिवसीय गोल्डन जुबली समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। संस्थान के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में प्रबंधन शिक्षा की उपलब्धियों, नवाचार, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व विद्यार्थी राकेश कामरा ने स्टार्टअप शुरू करने वाले एक विद्यार्थी को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। समारोह में एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने इमसार के गोल्डन जुबली गीत का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती केवल अतीत की उपलब्धियों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने का भी समय है। संस्थान को अपनी शैक्षणिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए प्रबंधन क्षेत्र की बदलती जरूरतों और वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करना होगा।

एआई के दौर में तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा

कुलपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा। भविष्य के प्रबंधकों में तार्किक सोच, सामाजिक समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसी क्षमताएं भी जरूरी होंगी। विद्यार्थियों को तथ्यों का विश्लेषण करने, स्वतंत्र रूप से सोचने, समस्याओं का समाधान खोजने और मानवीय संवेदनाओं के साथ निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल प्रबंधक बनने तक सीमित न रहने, बल्कि नए विचारों को स्टार्टअप और उद्यमों में बदलने का प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

प्रो. प्रदीप ने शोध, प्लेसमेंट गतिविधियों की जानकारी दी

इमसार के प्रो. प्रदीप कुमार अहलावत ने स्वागत भाषण में संस्थान की पांच दशक की विकास यात्रा, शोध उपलब्धियों, प्लेसमेंट गतिविधियों, कार्यशालाओं और अकादमिक पहलों की जानकारी दी। समारोह में डीन सीडीसी प्रो. राजेश पुनिया, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग और कार्यक्रम संयोजक प्रो. दिव्या मल्हान मौजूद रहे। पूर्व विद्यार्थियों में सुरेंद्र यादव, विनोद कुमार, सतवंत हुड्डा, राजेश बावा, राकेश कामरा, मंगल सैन भूटानी, सुधीर जुत्सी, प्रो. वीरेंद्र कौशिक और आर.पी. साहनी शामिल हुए। सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. दिलीप सिंह, प्रो. घोष रॉय, प्रो. सत्यवान बरोदा, प्रो. राजकुमार और प्रो. कमलेश गक्खड़ सहित अन्य गणमान्य ने भी समारोह में शिरकत की।



करियर के साथ मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन भी जरूरी: बिजेंद्र हुड्डा

रोहतक। एमडीयू के जूलॉजी विभाग में शुक्रवार को विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए संवाद सत्र आयोजित किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं विभाग के पूर्व विद्यार्थी बिजेंद्र हुड्डा ने करियर के पारंपरिक विकल्पों के साथ नवाचार और स्टार्टअप में संभावनाएं तलाशने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति और व्यक्तिगत जीवन व पेशेवर लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाए रखने को भी जरूरी बताया। सत्र में विद्यार्थियों ने करियर से जुड़े सवाल पूछे और उनके जवाब प्राप्त किए। विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में एलुमनी समन्वयक प्रो. सुधीर कुमार कटारिया, प्रो. सुदेश रानी और प्रो. रंजना जयवाल मौजूद रहीं। एमएससी प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भाग लिया। समापन पर प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

NAVRATRI SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

10 Oct to 20 Oct

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

ROHTAK · BAHADURGARH · JHAJJAR · GOHANA · HISAR · BHIWANI · SONIPAT · KARNAL
SAMPLA · ZIRAKPUR · PINJORE · SIRHIND · PANIPAT · MALERKOTLA · LUDHIANA · BARNALA

Navratri Items
CHIPS . MARMUDA . LADDOO . KUTTU ATTA . SABUDANA & MORE.
UPTO 50% OFF

FRESCA / MANIA 1 LTR
BUY 1 GET 3 FREE

PRABHAS GHEE (1 LTR)
BUY 1 GET 1 FREE

DEEHAT MAKHANA
BUY 1 GET 1 FREE

DABUR GHEE
BUY 1 GET 1 FREE

MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
BUY 1 GET 1 FREE

PRO NATURE KABULI CHANA 1KG
BUY 1 GET 1 FREE

GM POHA CLASSIC (500G)
BUY 1 GET 1 FREE

COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR
₹79

REDBULL
MRP - ₹125
₹99

PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW 2.25 L
₹79

MINCHY'S JUICE
BUY 1 GET 1 FREE

MCCAIN 1.25 KG
BUY 1 GET 1 FREE

LAHORI ZEERA PACK OF 24
MRP - ₹240
₹190

TIP TOP / FUN FLIP
BUY 1 GET 1 FREE

UTSAV PAPAD
BUY 1 GET 1 FREE

PRO NATURE KAJU 250 GM
BUY 1 GET 1 FREE

PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA
BUY 2 GET 1 FREE

BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
BUY 1 GET 1 FREE

XCITE NOODLES (330 G)
BUY 1 GET 1 FREE

VANDNAM BHOG
SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g
BUY 1 GET 1 FREE

TOPS TOMATO KETCHUP 850G
BUY 1 GET 1 FREE

APIBEE HONEY
BUY 1 GET 1 FREE

BREGANO PASTA FUSILLI 450GM
BUY 1 GET 2 FREE

GOOD LUCK NAMKEEN
BUY 1 GET 2 FREE

COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS
BUY 1 GET 1 FREE

REAL MASALA JUICE
BUY 1 GET 1 FREE

BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM
BUY 1 GET 2

NISHA BISCUIT 300GM
BUY 1 GET 2

FORTUNE MUSTARD OIL 1L
MRP - ₹230
₹195

FORTUNE AATA
10KG
MRP - ₹485
₹415

SHILLS WIPES / MASK
BUY 1 GET 2 FREE

MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM
₹59

TOP / MOTHER PICKLE 950G
BUY 1 GET 1 FREE

RAJDHANI BESAN
1 KG
MRP - ₹150
₹105

AASHIRVAAD ATTA
10KG
MRP - ₹499
₹445

PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM
BUY 1 GET 2 FREE

LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N
BUY 1 GET 2 FREE

EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR
BUY 1 GET 1 FREE

KTRIQ / IHP
BUY 1 GET 1 FREE

Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600

Ludhiana
Sai Bhawan, Chandigarh Rd, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab.
Contact: 90419-49444

Barnala
Elenta Mart, Nanaksar Rd, Barnala, Punjab
Contact: 98761 28970

Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427

Rupnagar
Bela Rd, near Vishal Mega Mart, Abhepur Beli, Rupnagar, Arazi Ropar.
Contact: 74197 48181

Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240

Sirhind
opp Central Bank of India, Preet Nagar, Fatehgarh Sahib, Sirhind
Contact: 93069 00346

Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana Contact: +91-76962 97828

Panipat
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
Contact: +91-98177 76446

Malerkotla
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Malerkotla .
Contact: +91 6284 603 391

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.